तापमान

| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| भोपाल | 22.0° | 25.0° |
| इंदौर | 22.0° | 26.0° |
| जबलपुर | 23.0° | 27.0° |
| ग्वालियर | 25.0° | 30.0° |
| सागर | 22.0° | 25.0° |

# नईदुनिया


वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 278, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, कृष्ण दशमी संवत् 2083
रविवार, 6 सितम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com | भोपाल संस्करण | भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित


**राजधानी...** प्रदेश के हर भवनविहीन विद्यालय को ...


**खेल...** यूएस ओपनः सेरेना और वीनस विलियम्स की महिला ...


**व्यापार...** भारत के साथ अंतरिक्ष सहयोग बढ़ाएगा...


**देश-विदेश...** ट्रंप ने 9/11 की बरसी से पहले अल-कायदा से ...

## खास-खबरें

### लॉरी से टकराई कार आठ छात्रों की मौत

**नईदुनिया ब्यूरो, त्रिशूर:** केरल के त्रिशूर जिले में शुक्रवार देर रात हाईवे पर खड़ी एक लॉरी से कार टकरा गई। हादसे में कार सवार आठ इंजीनियरिंग छात्रों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार दुर्घटना रात करीब 11:40 बजे कैपामंगलम के पनंबिकुन्नू में हुई। सभी मृतक तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र थे। कार गुरुवायुर से कोडुंगल्लूर जा रही थी, तभी वह महाराष्ट्र नंबर की लॉरी के पीछे जा घुसी। छह छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो को अस्पताल में मृत घोषित किया गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### सुभाष चंद्रा समेत चार पर एफआईआर

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने जी समूह के संस्थापक सुभाष चंद्रा सहित चार लोगों के खिलाफ 1,322 करोड़ रुपये से अधिक की कथित धोखाधड़ी के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। यह कार्रवाई एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की शिकायत पर की गई है। शिकायत में आरोप है कि कंपनियों के लिए ऋण प्राप्त करने हेतु कथित रूप से फर्जी संपत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए गए और बाद में उनसे मुकरने का मामला सामने आया। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने सुभाष चंद्रा के अलावा पंकज सुरोलिया, अमिश पांड्या और राजीव ढोलकिया को भी आरोपित बनाया है। चारों पर वर्ष 2018 से 2026 के बीच धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं।

### केरलम में महिला विधायक से हाथापाई

**नईदुनिया ब्यूरो, तिरुवनंतपुरम:** केरल के तिरुवनंतपुरम जिले के चिरयिनकीझु में कांग्रेस विधायक राम्या हरिदास और स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच शुक्रवार रात झड़प हो गई। घटना के दौरान विधायक के साथ हाथापाई और धक्का-मुक्की की गई। आरोप है कि कुछ लोगों ने उनका हाथ पीछे की ओर मरोड़ दिया। घटना के बाद राम्या हरिदास को चिरयिनकीझु तालुक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। विधायक की शिकायत पर पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य सजित मुथंबलम और पार्टी नेता साजद सहित सात कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### सैन्य अड्डे में भीषण विस्फोट, 10 की मौत

**सुक्रे, एजेंसी:** दक्षिण अमेरिकी देश बोलीविया के पश्चिमी शहर वियाचा स्थित एक सैन्य अड्डे पर शुक्रवार को जोरदार विस्फोट हो गया। हादसे में 10 से अधिक लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 58 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार मृतकों की संख्या 10 से 15 के बीच हो सकती है। रक्षा मंत्री अर्नेस्टो जस्टिनियानो ने बताया कि घायलों में अधिकांश आम नागरिक हैं, जबकि कुछ सैन्यकर्मी भी शामिल हैं। स्थानीय समय के अनुसार दोपहर करीब ढाई बजे उस स्थान पर विस्फोट हुआ, जहां रक्षा मंत्रालय का पटाखों का भंडार रखा था। घटना के बाद मौके पर एंबुलेंस, चिकित्सा दल और पुलिस को तैनात किया गया।

### पुंछ हमले में शामिल आतंकी ढेर

**नईदुनिया ब्यूरो, जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के बडगाम में सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए आतंकी की पहचान पाकिस्तानी नागरिक यासिर उर्फ अबू तल्हा के रूप में हुई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के अनुसार वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था। यासिर वर्ष 2024 में पुंछ में वायुसेना के काफिले पर हुई गोलीबारी में शामिल था, जिसमें एक जवान शहीद हो गया था। उसकी तस्वीर पहलगाम हमले के दौरान सामने आई थी, जिसमें चार आतंकी दिखाई दिए थे। दो को पहले ही सुरक्षा बलों ने मार गिराया था।

---


**राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता के महत्व पर दिया जोर**

# शिक्षक देश के भविष्य और विकसित भारत की नींवः राष्ट्रपति



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शिक्षक दिवस पर आयोजित समारोह में देशभर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा अवसरों की समानता को साकार करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। स्कूली शिक्षा व्यवस्था की आधारशिला है और बचपन में नैतिक मूल्यों की शिक्षा बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि आर्थिक, सामाजिक या अन्य कारणों से आत्मविश्वास की कमी महसूस करने वाले विद्यार्थियों को आगे बढ़ाना शिक्षकों का विशेष दायित्व है। उन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता, कौशल विकास और उद्यमिता को देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए विश्वस्तरीय शिक्षा व्यवस्था पर जोर दिया।

## बच्चों के व्यवहार और बदलती आदतों पर भी रखें नजरः प्रधानमंत्री मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेताओं से बातचीत की। इस वर्ष तीन विभागों से 82 शिक्षकों और शिक्षाविदों का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। इनमें विद्यालय शिक्षा के 48, उच्च शिक्षण संस्थानों एवं पॉलिटेक्निक के 21 और कौशल विकास क्षेत्र के 13 शिक्षक शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षकों को विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ उनके व्यवहार और दैनिक जीवन में होने वाले बदलावों पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से युवाओं में नशे की लत के संकेतों के प्रति सतर्क रहने और प्रभावित बच्चों को इससे उबरने में सहायता करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने बढ़ते स्क्रीन टाइम को गंभीर चिंता बताते हुए कहा कि बच्चों को खेलकूद, शारीरिक और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने शिक्षकों से अभिभावकों के साथ संवाद करने का भी आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने बच्चों की स्वाभाविक जिज्ञासा को उचित दिशा देने, बचपन की मासूमियत सुरक्षित रखने और उनमें श्रम की गरिमा जैसे मूल्यों का विकास करने पर जोर दिया।

### मुझे अच्छा स्पीकर बनने टिप्स दीजिए...

पीएम ने एक शिक्षक टीचर से पूछा कि आप बच्चों को पब्लिक स्पीकिंग सिखाती हैं। अगर मैं आपके यहां का स्टूडेंट हूं और मुझे एक अच्छा स्पीकर बनना है तो मुझे टिप्स दीजिए कि मुझे क्या-क्या करना चाहिए। इस पर टीचर ने जवाब दिया कि आपको सबसे पहले कॉन्फिडेंस दिखाना चाहिए। इस पर पीएम ने हंसते हुए कहा कि तो आखिर ये कॉन्फिडेंस कैसे आएगा। टीचर्स ने कहा कि इसकी प्रैक्टिस करनी होती है।

### नवाचार से मिला सम्मान

*देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षकों ने शिक्षा को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए अलग-अलग नवाचार किए। महाराष्ट्र के वैभव वसंतराव कुलकर्णी ने गणित के मुश्किल टॉपिक समझाने के लिए 700 से ज्यादा वीडियो बनाए। वहीं राजस्थान के दिव्येंदु सेन ने 500 पेड़ों पर क्यूआर कोड लगाकर बच्चों को पेड़ों की जानकारी देने का नया तरीका अपनाया। मंजरी महाजन ने पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त परिसर पर काम किया। डॉ. वर्तिका गुलाटी ने ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई जारी रखी। रवि जयसवाल ने त्रि-आयामी गुंबद थिएटर और मौसम केंद्र स्थापित किया। पंजाब के दिनेश कुमार ने वर्चुअल फिजिक्स लैब और 100 से ज्यादा कम खर्च वाले मॉडल तैयार किए। 48 स्कूल शिक्षकों के अलावा उच्च शिक्षा संस्थानों और पॉलिटेक्निक के 21 शिक्षक व फैकल्टी सदस्य और कौशल विकास मंत्रालय के 13 कौशल प्रशिक्षकों को भी नेशनल टीचर अवॉर्ड मिला है।*

### मप्र के 6 शिक्षक सम्मानित

मध्यप्रदेश के शिक्षा, कौशल विकास, नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले छह शिक्षकों एवं शिक्षाविदों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित होने वालों में डॉ. अर्चना शुक्ला, श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सुश्री संगीता यादव, प्रो. सौरव दत्ता, श्रीमती रीना गुप्ता एवं श्रीमती ज्योतिबाला राठौर शामिल हैं।

## वरिष्ठ शिक्षकों को ऑफलाइन टीईटी परीक्षा की व्यवस्थाः सीएम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** शिक्षक दिवस के अवसर पर आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के 33 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि बच्चों की पहली पाठशाला उनका घर होता है, लेकिन शिक्षक ज्ञान और संस्कार देकर उनके व्यक्तित्व को दिशा देते हैं। शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण की भावी पीढ़ी तैयार करते हैं। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों की क्षमता, जिज्ञासाओं और कठिनाइयों को समझते हुए आत्मीयता और धैर्य के साथ मार्गदर्शन करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। जहां गुरूर समाप्त होता है और गुण प्रारंभ होते हैं, वहीं गुरु की दृष्टि विकसित होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षक देश की किस्मत कक्षाओं में गढ़ते हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश के जिन वरिष्ठ शिक्षकों को टीईटी परीक्षा देने की आवश्यकता है, उनके लिए ऑफलाइन परीक्षा की व्यवस्था करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षकों की बेहतरी के लिए आवश्यक निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध है।




**इनका हुआ सम्मान** ▶ *शिवलाल दांगी (सुसनेर), धन्नालाल बिसेन (बालाघाट), रीतेश कुमार पथाड़े (बैतूल), सुखनंदन साहू (दमोह), नरेंद्र कुमार भारद्वाज (गुना), ओम प्रकाश विश्वकर्मा (नर्मदापुरम), महेंद्र सिंह ठाकुर (कटनी), राकेश कुमार गुप्ता (मंदसौर), शिखा शर्मा (नरसिंहपुर), लोकेंद्र सिंह पंवार (नीमच), ज्योति पाठक (निवाड़ी), राकेश कुमार वर्मा (रायसेन), सुरेश चंद्र सोनी (राजगढ़), शर्मिला उपाध्याय (रतलाम), रीनादेवी कटरे (सिवनी), हेमंत कुमार वैद्य (शाजापुर), राकेश द्विवेदी (सीधी), सीमा परमार (उज्जैन), पूनम मिश्रा (बालाघाट), बिहारीलाल प्रजापति (छतरपुर), अरुण कुमार भादे (छिंदवाड़ा), बलराम अहिरवार (दमोह), मुकेश कुमार शर्मा (गुना), अरुण कुमार मित्तल (इंदौर), मुकेश प्रजापति (मंदसौर), मनीष तिवारी (नरसिंहपुर), अजय कुमार मिश्रा, मुकेश नागर (राजगढ़), राजेश महेश्वरी (रतलाम), मोहित कुमार गर्ग (सतना), सुश्री पूजा पांडे (सिवनी), सतीश पांडे (सीधी), श्वेता तिवारी (उज्जैन), अजिता, श्रीमती शीला पटेल (राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान प्राप्त) तथा भैरूलाल ओसारा (राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान प्राप्त) ने सम्मान पाया। इन शिक्षकों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं 25 हजार रुपए नगद सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया।*

---

**सीएम के दुबई दौरे से पहले फेरबदल, 11 आईएएस अधिकारियों के तबादले, सागर कमिश्नर बदले**

# विवादों में रहीं निधि निवेदिता और नेहा मारव्या हटाई गईं, छह जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी बदले गए

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दुबई दौरे से पहले मध्यप्रदेश सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 11 भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के तबादले किए हैं। तबादला सूची में सचिव और अपर सचिव स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं। इसके साथ ही सामान्य प्रशासन विभाग ने अलग आदेश जारी कर छह राज्य प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इन अधिकारियों को जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और सिंहस्थ उज्जैन के अपर मेला अधिकारी सहित विभिन्न पदों पर पदस्थ किया गया है। जिला पंचायत स्तर पर हुए बदलावों से संबंधित जिलों में प्रशासनिक जिम्मेदारियों का नया बंटवारा होगा।

| अधिकारी | वर्तमान पदस्थापना | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|
| अनिल सुचारी | आयुक्त, सागर संभाग | एमडी, भंडार गृह निगम, भोपाल |
| दिलीप कुमार | आयुक्त उद्योग, एमडी, लघु उद्योग निगम (अति. प्रभार) | आयुक्त, सागर |
| अनुपम श्रीवास्तव | प्रमुख राजस्व आयुक्त, पदेन सचिव, मप्र शासन, राजस्व विभाग तथा आयुक्त, भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त, ग्वालियर (अति. प्रभार) | सचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग |
| सतेंद्र सिंह | आयुक्त-सह-संचालक, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, मप्र, भोपाल तथा आयुक्त, अजा विकास एवं प्रबंध संचालक, मप्र राज्य अजा वित्त एवं विकास निगम, भोपाल (अति. प्रभार) | सचिव, मप्र शासन, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा सचिव, मप्र शासन अनुसूचित जाति कल्याण विभाग तथा आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास एवं प्रबंध संचालक |
| नेहा मारव्या सिंह | संचालक, आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं, मप्र एवं एमडी, एमएपीसीईटी तथा एमडी, अजजा वित्त एवं विकास निगम तथा संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं विकास संस्थान, भोपाल (अति. प्रभार) | प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम, भोपाल |
| निधि निवेदिता | ओएसडी सह आयुक्त, महिला एवं बाल विकास तथा पदेन मिशन संचालक, अटल बिहारी वाजपेयी बाल आरोग्य एवं पोषण मिशन, भोपाल | ओएसडी सह-प्रमुख राजस्व आयुक्त, मप्र, भोपाल तथा आयुक्त, भू-अभिलेख एवं बंदोबस्त, मप्र, ग्वालियर (अति. प्रभार) |
| अनुराग वर्मा | एमडी, मप्र भंडार गृह निगम, भोपाल तथा एमडी, राज्य ना.आ.नि (अ.प्र.) | प्रबंध संचालक, राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, भोपाल |
| मयंक अग्रवाल | प्रबंध संचालक, मप्र पब्लिक हेल्थ सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल | सीईओ, वीबी-ग्राम तथा मिशन संचालक, समग्र नर्मदा मिशन, अति.प्र. |
| संदीप जैन | ओएसडी सह आयुक्त, इंदौर | ओएसडी सह-आयुक्त, महिला एवं बाल विकास तथा पदेन मिशन संचालक, अटल बिहारी वाजपेयी बाल आरोग्य एवं पोषण मिशन, भोपाल |
| अति प्रसाद | मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल | एमडी, पब्लिक हेल्थ सर्विसेस कॉर्पोरेशन, भोपाल |
| नेहा जैन | अपर आयुक्त, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, इंदौर | सीईओ, स्मार्ट सिटी उज्जैन एवं अपर आयुक्त, नपा निगम, उज्जैन (अ.प्र.) |

---

# भारतीय महिला क्रिकेट की 'जय' पाक टीम को 7 विकेट से हराया

▶▶ **पाकिस्तान को 55 रनों पर समेटने के बाद भारत ने 8.4 ओवर में जीत हासिल की**

**दुबई, एजेंसी:** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने महिला टी-20 एशिया कप में पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने 56 रन का लक्ष्य 8.4 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान की बल्लेबाजी को पूरी तरह दबाव में रखा और पूरी टीम को 55 रन पर समेट दिया। यह महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का सबसे कम स्कोर रहा। पाकिस्तान की आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा




भी नहीं छू सकीं। शवाल जुल्फिकार ने सर्वाधिक 14 रन बनाए।

भारत की ओर से श्री चरणी और प्रेमा रावत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट हासिल किए। दीप्ति शर्मा ने दो विकेट लिए। भारतीय गेंदबाजों के प्रभावी प्रदर्शन के कारण पाकिस्तान की टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी।

---

# डोमिनिकन रिपब्लिक की जोहरी बनीं मिस वर्ल्ड

**वियतनाम, एजेंसी:** डोमिनिकन रिपब्लिक की जोहेरी मोल डोमिंग्वेज ने मिस वर्ल्ड 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। शनिवार को वियतनाम के न्हा ट्रांग में आयोजित ग्रैंड फिनाले में मिस वर्ल्ड 2025 रहीं ओपल सुचाता चुआंगश्री ने उन्हें ताज पहनाया। स्पेन की एलिसाबेथ रेनेस प्रतियोगिता में उपविजेता रहीं, जबकि मलेशिया की तानुसिया चेट्टी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जोहेरी मोल डोमिंग्वेज मॉडल और शिक्षिका हैं। भारत की ओर से निकिता पोरवाल ने मिस वर्ल्ड 2026 में देश का प्रतिनिधित्व किया। हालांकि वह प्रतियोगिता के



टॉप-20 चरण में जगह बनाने में सफल नहीं हो सकीं। निकिता का सफर टॉप-40 चरण तक रहा। मिस वर्ल्ड 2026 के ग्रैंड फिनाले के साथ इस वर्ष की प्रतियोगिता का समापन हो गया।

---

**संदेह** *ईरान युद्ध की गोपनीय जानकारी लीक होने का शक...*

# अमेरिकी सैनिक भरोसेमंद नहीं, 50 का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया

**वाशिंगटन, एजेंसी:** अमेरिका में ईरान युद्ध से जुड़ी गोपनीय जानकारी मीडिया तक पहुंचने के मामले की जांच तेज कर दी गई है। पेंटागन ने जानकारी लीक करने वाले व्यक्ति का पता लगाने के लिए करीब 50 सैन्य अधिकारियों और कर्मचारियों का पॉलीग्राफ परीक्षण कराया है।

अधिकारियों से पूछा गया कि क्या उन्होंने ईरान युद्ध से जुड़ी गोपनीय जानकारी मीडिया या उससे जुड़े लोगों को दी थी। उनसे अमेरिका के हथियारों और गोला-बारूद के घटते भंडार की जानकारी साझा करने को लेकर भी सवाल किए गए। पॉलीग्राफ परीक्षण में व्यक्ति की धड़कन, सांस और पसीने जैसे शारीरिक बदलावों को दर्ज किया जाता है।

यह कार्रवाई अगस्त में सामने आई उन खबरों के बाद हुई, जिनमें ईरान के साथ युद्ध के दौरान अमेरिका के कुछ महत्वपूर्ण हथियारों का भंडार कम होने की जानकारी दी गई थी। इनमें लंबी दूरी की मिसाइलें और पैट्रियट मिसाइल अवरोधक शामिल बताए गए थे।

जांच से जुड़े लोगों के अनुसार इतने बड़े स्तर पर अधिकारियों का परीक्षण कराना असामान्य है। इसका उद्देश्य केवल जानकारी लीक करने वाले की पहचान करना



नहीं, बल्कि अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को भविष्य में गोपनीय सूचनाएं बाहर पहुंचाने से रोकने का संदेश देना भी बताया गया है।

ईरान युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिकी हथियारों के भंडार पर दबाव बढ़ने और युद्ध की रणनीति को लेकर प्रशासन के भीतर मतभेद की खबरें भी सामने आई थीं। इसके बाद ट्रम्प प्रशासन ने गोपनीय जानकारी मीडिया तक पहुंचाने वालों की पहचान के प्रयास तेज किए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस मामले में सख्त कार्रवाई के संकेत दिए थे।

यह जांच ऐसे समय हो रही है, जब रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के कार्यकाल में पेंटागन के भीतर गोपनीय जानकारी लीक होने के विवाद लगातार सामने आए हैं। हेगसेथ स्वयं भी वर्ष 2025 में यमन में अमेरिकी हमलों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी निजी सिग्नल समूह में साझा करने के विवाद में घिर चुके हैं।

हेगसेथ ने गोपनीय जानकारी साझा करने के आरोपों से इन्कार किया था। पेंटागन में पत्रकारों की पहुंच और आलोचनात्मक रिपोर्टिंग को लेकर भी विवाद बना हुआ है। रक्षा विभाग द्वारा मीडिया की पहुंच के नियम कड़े किए जाने के बाद पत्रकारों के लिए अधिकारियों तक पहुंचकर खबरें जुटाना कठिन हुआ है।